


## अर्जुन कपूर संग लेट नाइट डिनर डेट पर निकलीं मलाइका अरोड़ा

मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर बी–टाउन के मशहूर लव बर्ड्स में से एक हैं। हाल ही में अर्जुन कपूर और मलाइका को लेट नाइड डिनर डेट पर स्पॉट किया गया। इस दौरान दोनों एक दूसरे का हाथ थामे नजर आए। दोनों स्टार्स ब्ट्फ–19 का प्रोटोकॉल का पालन करते हुए दोनों फेस मास्क लगाए हुए थे। अर्जुन और मलाइका को मुंबई के एक रेस्तरां से बाहर निकलते हुए देखा गया। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा ने साल 2019 में अपने रिश्ते को ऑफिशियल किया था। मलाइका और अर्जुन अक्सर अफने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने वैकेशन एन्जॉय करते हुए खूबसूरत तस्वीर शेयर करते हुए रहते हैं। मलाइका अरोड़ा और अर्जुन अक्सर एक दूसरे के साथ तस्वीरें शेयर करते रहते हैं। दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा पसंद की जाती है। और इसी का नतीजा है कि दोनों की तस्वीर सोशल मीडिया पर आते ही वायरल होने लगते हैं। वर्कफ्रंट की बात करें तो अर्जुन कपूर को आखिरी बार सैफ अली खान, यामी गौतम और जैकलीन फर्नांडिस के साथ हॉरर कॉमेडी फिल्म श्भूत पुलिसश में देखा गया था।

## मनोज बाजपेयी ने बताया कैसा है उनके पिता का हाल

बॉलिवुड ऐक्टर मनोज बाजपेयी अपने बीमार पिता से मिलने के लिए दिल्ली पहुंचे। जब पिता की हेल्थ की जानकारी लेने के लिए बात की गई तो मनोज ने अपने पिता की हेल्थ अपडेट शेयर करते हुए कहा, बीमारियां सभी बुढ़ापे से संबंधित हैं। वह एक दिन स्थिर है अगले दिन अस्थिर हो जाते हैं। हम केवल इंतजार कर सकते हैं और देख सकते हैं।
मनोज आगे कहते हैं, मृत्यु ही अंतिम सत्य है, बाकी सब कुछ मोह माया है। मनोज अपने पिता के हेल्थ पर लगातार नजर रखे हुए हैं और उम्मीद है कि उनके पिता जल्द ही ठीक हो जाएंगे। इसी साल जून के महीने में मनोज बाजपेयी को जब अपने पिता की बीमारी की खबर मिली थी तो वह उनसे मिलने बिहार के बेतिया पहुंच गए थे। उस वक्त उनके साथ उनकी पत्नी नेहा और बेटी भी थीं। मनोज कहते हैं, मैं अपने माता–पिता दोनों के बहुत करीब हूं। उन्होंने मेरा नाम अपने पसंदीदा ऐक्टर मनोज कुमार के नाम पर रखा। मेरे पिता को मुझे और मेरे भाई–बहनों को बुनियादी शिक्षा दिलाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। मैंने बचपन से ही अभिनेता बनने का सपना देखा था। मेरे पिता ने मेरे सपने को पूरा करने में मेरा साथ दिया। इस तरह बेतिया के एक लड़के का फिल्म इंडस्ट्री पहुंच गया। पिता जी की ही मेहनत थी जिसकी वजह से मैंने सिनेमा में कदम रखने की हिम्मत की।

## राघव चड्ढा ने घसीटा राखी सांवत का नाम तो भड़के पति ने दी चेतावनी



आम आदमी पार्टी के नेता राघव चड्ढा ने हाल ही अपने एक बयान में राखी सावंत का नाम घसीट लिया, जिससे उनके पति रितेश भड़क गए। राखी ने पति के ट्वीट्स का स्क्रीनशॉट शेयर किया है और लिखा–मेरा भी कोई है जो मेरे मान–सम्मान के लिए खड़ा है। राखी सावंत ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उन ट्वीट्स का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जो रितेश ने ट्विटर पर उनके सपॉर्ट में किए हैं। इन ट्वीट्स में @riteshuk नाम के ट्विटर हैंडल से आप नेता राघव चड्ढा को करारा जवाब दिया गया है। राखी ने स्क्रीनशॉट शेयर कर लिखा है, मेरे पति ने राघव चड्ढा को जवाब दिया है। मुझे अभी तक अकेले जानकर लोग सताते थे। आज ये कहते हुए मेरी आंखों में आसूं हैं कि आजम मेरा भी कोई है, जो मेरे मान–सम्मान की रक्षा के लिए खड़ा है। थैंक्यू मेरे डियर हस्बैंड। दरअसल कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू के दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर एक बयान दिया था।

# शहनाज के भाई ने बनवाया सिद्धार्थ के चेहरे का टैटू

*सिद्धार्थ शुक्ला की मौत के सदमे से फैन्स और करीबी लोग अब तक उबर नहीं पाए हैं। एक तरफ जहां शहनाल गिल अभी भी सदमे में हैं, वहीं उनके भाई शहबाज और पिता संतोख भी गमजदा हैं। हर कोई सिद्धार्थ शुक्ला को अपने–अपने तरीके से याद कर रहा हैं। दुख की इस घड़ी में बेटी का साथ देने के लिए जहां पिता संतोख सिंह ने हाल ही शहनाज के नाम का टैटू बनवाया था, वहीं अब शहबाज ने शहनाज के साथ–साथ सिद्धार्थ शुक्ला का टैटू बनवाया है।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

शहबाज ने अपनी बाजू पर सिद्धार्थ शुक्ला के चेहरे का टैटू बनवाया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। टैटू में सिद्धार्थ शुक्ला का हंसता हुआ चेहरा देख फैन्स एक बार फिर इमोशनल हो गए हैं।
एक फैन ने कहा, बहुत बड़ी याद है। एक अन्य फैन ने कॉमेंट किया, स्ट्रॉन्ग रहना भाई और शहनाज को भी स्ट्रॉन्ग रहने के लिए बोलना। एक और फैन ने लिखा, आज सिद्धार्थ की बहुत याद आ रही है। उम्मीद है कि आप और सना ठीक होंगे।
शहबाज गिल ने टैटू की तस्वीर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की और लिखा, श्तुम्हारी यादें तुम्हारी तरह ही सच्ची रहेंगी। तुम मेरे साथ हमेशा जिंदा रहोगे। हमारी यादों में हमेशा जिंदा रहोगे।
बता दें कि सिद्धार्थ शुक्ला की 2 सितंबर को हार्ट अटैक के कारण मौत हो गई थी। एक तरफ फैन्स सिद्धार्थ को खोने से दुखी हैं तो वहीं दूसरी ओर उन्हें शहनाज की चिंता भी सता रही है। सोशल मीडिया पर हर कोई यही जानना चाह रहा है कि अब उनकी सना कैसी है।



**सिद्धार्थ शुक्ला को याद कर भावुक हुए ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 के प्रड्यूसर**
टीवी के मशहूर ऐक्टर सिद्धार्थ शुक्ला के अचानक निधन से पूरा देश सदमे में है। सिद्धार्थ के निधन से उनकी फैमिली और फैन्स को इस दुख से उबरने में काफी मुश्किल हो रही है। अब ऐक्टर के ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3 के प्रड्यूसर ने शो के क्लाइमेक्स का एक वीडियो शेयर किया है। जिसे देखने के बाद सिद्धार्थ के फैन्स काफी ज्यादा इमोशनल हो गए हैं। सरिता ए तंवर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सिद्धार्थ का एक वीडियो शेयर किया है।


वीडियो शेयर करते हुए प्रड्यूसर ने लिखा, जब कोई ऐक्टर गुजरता है, तो हर कोई दोस्तों और परिवार के नुकसान की बात करता है। फैंस का जो नुकसान हुआ है, उसके बारे में कोई बात नहीं करता। उनका दुख किसी को दिखता नहीं है। लगभग हर ऐक्टर्स के फैन्स की लंबी– चौड़ी फौज होती है। हमने अपने शो ब्रोकन बट ब्यूटीफुल 3श बनाने के वक्त उस प्यार को पहली बार अनुभव किया।

वेब सीरीज के प्रड्यूसर कहा,श्सिद्धार्थ के फैन्स का प्यार देखकर बहुत अच्छा लगता है। सिद्धार्थ ने बीबी13 को साल के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो में से एक बना दिया। यह एक ऐसा प्यार है जो एकदम रियल है। यही कारण है कि जब टीम उनके निधन की खबर से दुखी थी, उनके करीबी दोस्तों और परिवार के दर्द के साथ हम सभी ने सिद्धार्थ के दर्द को महसूस किया।

### मसीहा बने ऐक्टर सोनू सूद की बढ़ीं मुश्किलें

# आईटी विभाग ने किया 20 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी का दावा

*कोरोना काल में लोगों की मदद कर उनके लिए मसीहा बने ऐक्टर सोनू सूद अब मुश्किल में फंसते नजर आ रहे हैं। इनकम टैक्स विभाग पिछले तीन दिनों से ऐक्टर के घर सर्व कर रहा था। सोनू सूद के अलावा उनके सहयोगियों के परिसरों का भी सर्वे किया गया, जिसमें आईटी विभाग को टैक्स चोरी से जुड़े सबूत मिले हैं।*



आईटी विभाग ने कहा है कि सोनू सूद और उनके सहयोगियों ने 20 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, आईटी विभाग ने कहा है कि सोनू सूद ने 20 करोड़ से ज्यादा की टैक्स चोरी की है। इसके अलावा उनकी चौरिटी संस्था को 2.1 करोड़ का विदेशी चंदा अवैध रूप से मिला है, जो उन्होंने FCRA कानून का उल्लंघन कर एक क्राउडफंडिंग प्लैटफॉर्म के जरिए इकट्ठा किया।
आईटी विभाग का कहना है कि सोनू सूद ने फर्जी और असुरक्षित लोन के रूप में बेहिसाब पैसे जमा किए हैं। इतना ही नहीं, सोनू सूद ने साल 2020 में अपना जो एनजीओ शुरू किया था, उसे 1 अप्रैल 2021 से अभी तक 18.94 करोड़ का डोनेशन मिल चुका है। इस डोनेशन में से अभी तक 1.9 करोड़ अलग–अलग कार्यों में खर्च हो चुके हैं, जबकि बची हुई 17 करोड़ की रकम अभी भी अकाउंट में हैं।
रिपोर्ट में बताया गया है कि आईटी विभाग ने सोनू सूद से जुड़ी जिन जगहों का सर्व किया, उनमें मुंबई, लखनऊ, जयपुर, कानपुर, दिल्ली और गुरुग्राम समेत 28 जगहें शामिल हैं। बता दें कि बीते दिनों सोनू सूद दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल से मुलाकात करने पहुंचे थे। उन्हें हाल ही दिल्ली सरकार के एक मेंटॉर प्रोग्राम का ब्रैंड एंबेसडर भी बनाया गया था।